ओ बांके बिहारी मैं दिल गई हारी

ओ बांके बिहारी मैं दिल गई हारी,
मैं तो दिल गई हारी तोपे जाओ बलिहारी,
मैं तो गौ कुञ्ज बिहारी,
ओ बांके बिहारी मैं दिल गई हारी,

तेरी मुस्कानियाँ पे पागल ये दुनिया,
जो तू एक बार हसे दिल मेरा ऐसे फसे,
के मैं भूल जाऊ दुनिया सारी,
ओ बांके बिहारी मैं दिल गई हारी,

ये बाल घुंगराले है तेरे कारे कारे,
तेरे बाल घुंगराले जैसे बादल हो कारे,
तेरी छठा पे जाऊ बलिहारी,
ओ बांके बिहारी मैं दिल गई हारी,

ये पीला तेरा पटका है कांधे पे लटका,
प्यारे पीले पट वारे तेरे नैन कजरारे तुझे देख के दिल मेरा अटका,
ओ बांके बिहारी मैं दिल गई हारी,

स्वामी शयामा प्यारा श्री कुञ्ज बिहारी,
श्री हरिदास दुलारी संग लीला है न्यारी,
तिरलोकी भी जाये बलिहारी,
ओ बांके बिहारी मैं दिल गई हारी,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10019/title/o-banke-bihari-main-dil-gai-hari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |